THE ECONOMIC TIMES | JAIPUR | WEDNESDAY | 19 FEBRUARY 2020

# SUTLEJ TEXTILES AND INDUSTRIES LIMITED

**Regd.Office:** Pachpahar Road, Bhawanimandi 326 502(Raj.)
**Ph:**(07433)222052/82/90; **Fax:**(07433) 222916
**Website:** www.sutlejtextiles.com **CIN NO :** L17124RJ2005PLC020927

## NOTICE

In terms of the SEBI guidelines on Transfer of Shares in case of major mismatch / non-availability of transferor's signature / non-availability of objection memo to Seller / non-cooperation by the Seller, the Company hereby announces that the following request for share transfer has been received by the Company:

| Name of Buyer | Name of Seller | Seller Folio No | No. of Shares | Dist. Nos. |
|---|---|---|---|---|
| Pradeep Sipani | Budhram Kisharilal | B00086 | 5050 | 1408421- 1413470 |

The Company hereby calls in for objection, if any, on transfer of shares as per details given herein above within 30 days from the date of this publication. In case no objection is received by the Company within a period of 30 days from the date of this publication, the Company shall proceed to transfer the above shares as per the applicable / prescribed guidelines / rules / regulations.

**Place: Mumbai**
**Dated: 18th February, 2020**

**For Sutlej Textiles and Industries Limited**
**Manoj Contractor**
**Company Secretary & Compliance Officer**

*This content is licensed for personal use only, not for any commercial use.*





झालावाड़. शहर के राजराजेश्वर मंदिर प्रांगण में भागवत कथा में श्रवण करती महिलाएं।



पिड़ावा. क्षेत्र के हरनावदा पीथा कृष्ण जन्मोत्सव पर कथा स्थल पर नृत्य करते श्रद्धालु।

**धर्म-समाज** • भागवत कथाओं में धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

# एक गाय की सेवा करने से सभी देवताओं की सेवा के बराबर पुण्य प्राप्त होता है : पं. मनीष पाराशर

भास्कर न्यूज | झालावाड़

राजलक्ष्मी नगर में राजराजेश्वर मंदिर पर चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन नंदोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कथावाचक व्यास पं.मनीष पाराशर ने बताया कि समस्त ब्रजवासी यशोदा मैया को बधाइयां देने गए। जिसमें कथा वाचक के द्वारा गाए बधाई पर श्रद्धालु नाचने लगे। कथा में श्रीकृष्ण की माखन चोरी का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण माखन चोरी के बहाने गोपियों को दर्शन देने जाते थे।

श्रीकृष्ण वन में गाए चराने जाते थे क्योंकि गोमाता भी साक्षात ईश्वर का रूप होती है। इसलिए कलयुग में भी हमें गोमाता की सेवा करनी चाहिए। गोमाता के शरीर में 33 करोड़ देवताओं का निवास होता है। एक गाय की सेवा करने से सभी देवताओं की सेवा के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। जब गोकुल में राक्षस उत्पात मचाने लगे तो भगवान ने लीला ही लीला में बकासुर, अंगासुर, धेनुकासुर, आदि राक्षसों का उद्धार किया। कथावाचक ने कहा कि हर घर में एक गाय जरूर होनी चाहिए, जिससे प्रतिदिन साक्षात ईश्वर के दर्शन होते रहेंगे। कथा में छप्पन भोग की मनोरम झांकी सजाई गई। बुधवार को रुक्मणि विवाह का प्रसंग सुनाया जाएगा।



मनोहरथाना. बाल गोपाल को गोद में लिए वासुदेव।



झालावाड़. कथा में सजाई 56 भोग की झांकी।



बकानी. कथा का वाचन करते कथा वाचक प्रेमगुरु।

## भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**मिश्रौली.** कस्बे में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में चौथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें कथा का वाचन करते हुए कथावाचक रामनारायण महाराज ने भक्त प्रहलाद, नृसिंह अवतार की कथा का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि जीवन तो संघर्ष है, दुखों के आने से जीवन और अधिक उजाला होता है। इस मौके पर कृष्ण जन्म की सचित्र झांकियां दिखाई। इसी बीच श्रीकृष्ण जन्म पर पांडाल में जयकारे गूंजने लगे। सरपंच जगमाल सिंह चौहान ने श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर कथा में परिवार सहित महाआरती की।

**बकानी.** मुक्तेश्वर महादेव मंदिर बढाय गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक पं. प्रेमनारायण प्रेम गुरु ने कथा में कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। कहा कि आज की युवा पीढ़ी आधुनिकता की दौड़ में अपने संस्कार भूलती जा रही हैं। इन्हे संस्कारों का स्मरण कराना आवश्यक है। भागवत कथा में गोवर्धन पूजन व छपन भोग लगाया गया। गौ पूजन करने से मनुष्य के सभी दुख दूर हो जाते हैं। कथा सुनने बढाय, मोयाखेड़ी, देवर, बकानी, नानौर, बरखेड़ा खुर्द आदि गांवों के लोग व महिलाएं भाग ले रही है। बुधवार की कथा में रुक्मणि विवाह प्रसंग की कथा सुनाई जाएगी। वहीं, मोडी के हेमन्तेश्वर महादेव मंदिर झरमोड़ी गांव में चल रही 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में सोमवार को चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कथावाचक दिव्यानंद द्विवेदी ने बताया कि जब-जब भी धरती पर पाप बढ़ता है तो भगवान को जन्म लेना पड़ता हैं। कृष्ण जन्म पर पूरे पांडाल को सजाया गया। भगवान के जन्म के प्रसंग के बाद बधाइयां गाई। जिस पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। इस दौरान माखन मिश्र का भोग लगाया गया। वही कथा सुनने के लिए मोडी, भानपुरिया, बांसखोयरा, लोढाखेड़ा सहित आसपास के क्षेत्र से सैकड़ो महिलाएं पुरुष कथा श्रवण के लिए पहुंचे।

## भागवत कथा की हुई पूर्णाहुति

**घाटोली.** गोवर्धनपुरा गांव में कथा में श्री सत्यनारायण भगवान की शोभायात्रा निकाली। जिसमें महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया। वहीं गोरधनपुरा खोली गांव में भागवत कथा की पूर्णाहुति पर कथा वाचिका पूजा बैरागी ने संगीतमय भजनों की प्रस्तुति भी दी। जिसमें कथा में सभी श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। जुलूस शिव मंदिर खोली महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर सत्यनारायण मंदिर तक पहुंचा।

**पिड़ावा.** क्षेत्र के हरनावदा पीथा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा व एकादशी व्रत उद्यापन महोत्सव के चौथे दिन में कृष्ण जन्म एवं शिव पार्वति की कथा सुनाई। जिसमें कथावाचक संत सुरेश कृष्ण दास ने कृष्ण जन्मोत्सव पर मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान नन्हे बालक को कृष्ण बनाकर ढोल-बाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए कथा स्थल तक लाया गया। जहां कृष्ण बने बालक को पालने में झुलाया। कथा सुनने के लिए पीथा का खेड़ा, फतेहपुर, हरनावदा गजा, सेमली चौहान आदि गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

# रैगर समाज ने निकाली रामदेवजी की शोभायात्रा



जावर. कामखेड़ा में कलशयात्रा निकालते श्रद्धालु।

**जावर.** कामखेड़ा में मंगलवार को बाबा रामदेव महोत्सव मनाया गया। जिसमें रैगर समाज द्वारा गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें कलशयात्रा में महिलाओं ने कलश लिए व समाज के लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के तहत रात्रि में भजन संध्या आयोजित की गई। जिसमें बाहर के कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम हर साल धूमधाम से आयोजित किया जाता है। बद्रीलाल, जगदीश, रमेश, कन्हैयालाल, पप्पू लाल, प्रेमचंद, सुरेश व कई समाज के लोग मौजूद रहे।

# संत अपने प्रभाव को छुपाता है और स्वभाव को दिखाता हैः राजेंद्र शर्मा

### भगवान शिव की लीलाओं का वर्णन किया



झालरापाटन. शिव महापुराण कथा में महाआरती करते श्रद्धालु।

भास्कर न्यूज | झालरापाटन

शहर में मां अन्नपूर्णा सेवा समिति द्वारा द्वारकाधीश प्रांगण में चल रही शिव महापुराण कथा में कथावाचक पं. राजेंद्र शर्मा भगवान शिव की लीलाओं का वर्णन किया गया।

उन्होंने कहा कि जीव जब मां के गर्भ में रहता है, तो भगवान से बहुत विनती करता है कि हे प्रभु मुझे यहां से निकालो, मुझे यहां बहुत पीड़ा होती है। तब भगवान कहते है कि तुझे बाहर निकालने के बाद मुझे भूलोगें तो नहीं, तो जीव वादा करता है कि में संसार मे आकर तुम्हारी भक्ति करूंगा। लेकिन जीव संसार में आने के बाद भगवान को भूल जाता है। उन्होंने कहा कि संत सेवा से ही ईश्वर प्रसन्न होता है। इस दौरान उन्होंने दोहे में समझाते हुए कहा कि जात पात पूछे ना कोई जो भूखे सो हरि को होई की व्याख्या से समझाया गया। संत अपने प्रभाव को छुपाता है और स्वभाव को दिखाता है। गुड़ से गुड़ रहस्य भी भगवान संत के प्रेमियों से कह देता है। संसारी व्यक्ति अपने प्रभाव को दिखाता है और स्वभाव को छिपता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि अंदकासुर भगवान शिव से वरदान पाकर वरदान का दुरुपयोग करने लगा। कथा में बताया कि 10 हज़ार वर्षो तक माता शबरी ने भगवान श्री राम का इंतजार किया। अंत में प्रभु श्रीराम ने उसे दर्शन दिए। इस दौरान म्हारे राम जी आया है मेहमान उमंग म्हारे मन में घणी.. का में सुमधुर भजनो पर महिलाएं झूम उठी।

# राधाकृष्ण बन महिलाओं ने किया नृत्य

### श्रीसत्यनारायण मंदिर में धूमधाम से मनाया फागोत्सव



झालावाड़. शहर के सत्यनारायण मंदिर में फागोत्सव मनाती हुई महिलाएं।

**झालावाड़.** अग्रवाल महिला मंडल की ओर से मंगलवार को श्रीसत्यनारायण मंदिर में फागोत्सव मनाया।

जिसमें भगवान सत्यनारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस मौके पर नीलिमा, तृप्ती, रानू व उमा अग्रवाल ने राधा कृष्ण बनकर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। यह आयोजन अग्रवाल समाज की अध्यक्ष मीनू गुप्ता ओर सचिव प्रीति अग्रवाल ने बताया कि मंदिर को फूलों से सजाया गया। समाज की भावना अग्रवाल नेहा, वंदना श्वेता, अर्चना, अलका, निर्मला,चंद्रकला, रजनी,ममता व मनीषा, रेणु ने भजनों की की प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक मंत्री नीलिमा तथा रुचि ओर लक्ष्मी, प्रियंका तथा प्रगति अग्रवाल आदि महिलाओं ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

# शिवरात्रि महोत्सव पर मंदिरों में होंगे भजन

भास्कर न्यूज | झालावाड़

शिवरात्रि महोत्सव को लेकर शहर में शिव मंदिरों पर प्रतिदिन महिला मंडल द्वारा भव्य भजनों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कायस्थ मोहल्ले के पास भोले नाथ के मंदिर पर सामूहिक रूप से संगीतमय भजनों पर भाव विभोर होकर महिलाओं और युवतियों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं शहर के लाइन पुलिस स्थित शिव मंदिर, चोथ माता मंदिर, के पास नीलकंठ महादेव मंदिर पर समिति की और से भव्य भजन संध्या का आयोजन शिवरात्रि पर किया जाएगा।

## नागेश्वर जैन मंदिर में पैदल यात्री संघ का स्वागत

**उन्हैल.** कस्बे के विश्व प्रसिद्ध नागेश्वर जैन मंदिर में मंगलवार सुबह निम्बाहेड़ा छोटी सादड़ी से 15 तीर्थयात्रियों का पैदल संघ नागेश्वर तीर्थ पहुंचा। यहां सभी तीर्थ यात्रियों ने भगवान नागेश्वर पार्श्वनाथ की पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना के बाद नागेश्वर तीर्थ पेढ़ी द्वारा सभी तीर्थ यात्रियों का फूलमाला पहनाकर बहुमान किया। यात्रा छोटी सादड़ी से मंदसौर, सीतामऊ, दीपाखेड़ा होते हुए नागेश्वर पहुंची।

# रामलीला में अशोक वाटिका व लंका दहन का मंचन

भास्कर न्यूज | जावर

कस्बे में आयोजित रामलीला में सोमवार रात्रि में कलाकारों ने अशोक वाटिका एवं लंका दहन का मंचन किया। जिसमें हनुमान, श्रीराम की आज्ञा से सौ-योजन का समुद्र लांग कर सीता माता की सुधि लेने के लिए लंका में जाते हैं।

वहां जाकर हनुमान की रावण के भाई विभीषण से मुलाकात होती है। जिसके बाद हनुमान अशोक वाटिका में जाकर जिस वृक्ष के नीचे सीता माता बैठी थी। उस वृक्ष की टहनी पर बैठकर छिप जाते हैं, और देखते हैं कि कैसे रावण सीता माता को डरा रहा था। जिसके बाद रावण सीता माता के पास से चला जाता है। और सीता माता को रावण से विवाह करने के लिए राक्षस मजबूर करते है। तभी वहां त्रिजटा राक्षसी उन सबको भगाती है। जिसके बाद हनुमान जी पेड़ से अंगूठी सीता के आगे डालते हैं। सीता उस अंगूठी को देखकर कहती हे कि यह तो वही अंगूठी है जो मैंने मेरे प्रभु श्रीराम को नाव से उतराव के समय केवट को देने के लिए दी थी। जिसके बाद सीता जी कहती है, कौन है यहां सामने आओ, हनुमान, सीता माता के समक्ष आते हैं। और उन्हें प्रणाम करते हैं और कहते हैं कि में राम भक्त हुं। और आप की सुधि लेने के लिए मुझे श्रीराम ने भेजा है। जिसके बाद हनुमान अशोक वाटिका में जाकर पेड़ों को गिराने लग जाते हैं। व राक्षसों के वध करने पर रावण के पुत्र मेघनाथ द्वारा हनुमान को बंदी बनाकर रावण के दरबार में लाते है। जहां पहरेदार हनुमान की पूंछ में आग लगाने पर हनुमान रावण की लंका को आग लगा देते है। रामलीला में रोजाना दुरदराज के गांवों से भी लोग आते है।



जावर. रामलीला में अशोक वाटिका एवं लंका दहन का मंचन करते कलाकार।

# पशुपतिनाथ मंदिर पर आज होगी पार्वती की मेहंदी रस्म

भास्कर न्यूज | झालरापाटन

शहर के हठीले हनुमान पशुपतिनाथ सेवादल के द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर मंगलवार से तीन दिवसीय कार्यक्रम आज से शुरू होंगे। जिसमें आज बुधवार को पशुपतिनाथ महादेव व माता पार्वती की मेहंदी रस्म,महिलाओं द्वारा भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। जिसमें, रात्रि में महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन होगें।

वहीं, गुरुवार को प्रदोष हल्दी रस्म, सुबह 5 बजे अभिषेक, 8 बजे भगवान शिव व माता पार्वती का विशेष श्रृंगार के साथ रात्रि 11 बजे महाभिषेक होगा। शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व पर सुबह 5 बजे अभिषेक,प्रसादी वितरण व संध्या को 51 दीपकों से महाआरती की जाएगी। आयोजन में व्यवस्था समिति में अध्यक्ष पं सुरेश कुमार शर्मा, आचार्य विनोद शास्त्री, राजाराम पाटीदार, रामेश्वर शर्मा, जगदीश सुमन, मदन सोनी, राधेश्याम नागर, राम बैरागी, प्रकाश गोड़, लखन वैष्णव, राजकुमार कुमावत, निर्मल गुर्जर, मुकेश व्यवस्था संभालेंगे।



# कार्यशाला में बताए कृषि प्रसंस्करण के फायदे

भास्कर न्यूज | भवानीमंडी

पंचायत समिति कार्यालय के सभागार में राजस्थान कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति 2019 पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड व्रत कोटा के एसई घनश्याम गुप्ता की अध्यक्षता में हैदराबाद से आए, वैज्ञानिक डॉक्टर चंद्रशेखर गुप्ता, कृषि विभाग झालावाड़ उपनिदेशक कैलाश चंद मीणा, सहायक निदेशक कृषि विस्तार भवानीमंडी बत्ती लाल मीणा, मंडी सचिव फूलचंद मिलना, सहायक अभियंता राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड उपखंड भवानीमंडी मदन लाल बलाई, कृषि अधिकारी हेमंत व्यास आदि की उपस्थिति में राज्य राजस्थान कृषि प्रसंस्करण कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति 2019 पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष कालू लाल सालेचा, पूर्व जनपद भेरूसिंह, पूर्व सरपंच मोहन मेघवाल, नगर कांग्रेस सचिव नागूलाल शर्मा भी उपस्थित रहे।

# भाविप के राष्ट्रीय महासचिव का किया स्वागत



**भवानीमंडी.** भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम शर्मा का नगर आगमन पर प्रांतीय महासचिव एवं प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा स्वागत किया गया। सीए प्रकाश गुप्ता ने बताया कि श्याम शर्मा ने 31 वर्षों में अनेक उत्तरदायित्वों का सफलता पूर्वक वहन करते हुए वाराणसी में राष्ट्रीय महासचिव का पदभार ग्रहण किया। स्वागत में प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश विजयवर्गीय, प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रकाश गुप्ता, रघुनन्दन शर्मा, वित्त सचिव सुरेश अदलखा, संगठन मंत्री मुरली मनोहर माथुर, सम्पर्क प्रमुख दुर्गेशचंद शर्मा, प्रांतीय महिला प्रमुख स्नेहलता मालव, बूंदी जिला प्रभारी सुनील जैथलिया, रमेश गहलोत, पुरुषोत्तम नुवाल आदि उपस्थित रहे।

# डाक विभाग की सुकन्या समृद्धि योजना के तहत शिविर आयोजित



**पिड़ावा.** सरोनिया गांव में डाक विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम डाकघर उपखंड भवानीमंडी के लक्ष्मी चंद शर्मा ने बताया कि शिविर में 15 सुकन्या खाते, 3 आरडी खाते खोले गए। शिविर में सरोनिया शाखा डाकपाल कृपाराम भील, ओड़ियाखेड़ी शाखा डाकपाल गायत्री, धरोनिया, शाखा डाकपाल अशोक दांगी, रामचंद्र टेलर, सत्यनारायण शर्मा, मदनलाल पाटीदार, बालमुकुन्द, गिरिराज पाटीदार उपस्थित रहे।


**सतलज टैक्सटाइल्स एण्ड इण्डस्ट्रीज़ लिमिटेड**

पंजी.कार्यालय : पचपहाड़ रोड़, भवानीमंडी 326502 (राजस्थान)
फोनः (07433)222052/82/90, फैक्स : (07433) 222916
वेबसाईटःwww.sutlejtextiles.com CIN NO : L17124RJ2005PLC020927

**सूचना**

सेबी के दिशा निर्देशानुसार शेयरों के हस्तांतरण के संदर्भ में विक्रेता के हस्ताक्षर की अनुपलब्धता/विक्रेता की अनापत्ति प्रमाण पत्र/विक्रेता के असहयोग आदि के बारे में कंपनी को शेयर हस्तारण की निम्न अनुरोध प्राप्त हुआ है जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| क्रेता का नाम | विक्रेता का नाम | विक्रेता फोलियो नं. | कुल शेयर | शेयर नं. |
|---|---|---|---|---|
| प्रदीप सिपानी | बुद्धराम किशनलाल | B00086 | 5050 | 1408421- 1413470 |

कंपनी इस प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर ऊपर दिए गए विवरण के अनुसार शेयरों के हस्तांतरण पर आपत्ति के लिए, यदि कोई हो, के लिए आमंत्रित करती है। यदि कंपनी को इस प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर कोई आपत्ति नहीं मिलती है, तो कंपनी उपरोक्त शेयरों को निर्धारित दिशानिर्देशों / नियमों / विनियमों के अनुसार स्थानांतरित करने के लिए आगे बढ़ेगी।

सतलज टैक्सटाइल्स एण्ड इण्डस्ट्रीज़ लिमिटेड के लिए
मनोज कॉन्ट्रेक्टर
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

स्थान : मुंबई
दिनांक : 18 फरवरी, 2020